भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3780
11 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

विषय- कर्नाटक में पीएमएफबीवाई/आरडब्ल्यूबीसीआईएस का कार्य-निष्पादन
3780. श्री राधाकृष्णः

क्या **कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान कर्नाटक में पीएमएफबीवाई/आरडब्ल्यूबीसीआईएस के अंतर्गत किसान आवेदनों की संख्या कितनी है और बीमित क्षेत्र और एकत्र किए गए प्रीमियम का मौसम-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) कर्नाटक में कार्यरत उन बीमा कंपनियों की कंपनी-वार संख्या कितनी है जो पिछले पांच मौसमों में से प्रत्येक मौसम के दौरान योजना द्वारा निर्धारित दावा-निपटान को पूरा करने में विफल रहीं;
(ग) निर्धारित अवधि से अधिक देरी से निपटान के लिए किसानों को वास्तव में भुगतान की गई ब्याज/पेनल्टी की राशि का मौसम-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान कर्नाटक को जारी की गई राजसहायता प्रीमियम का केंद्र सरकार के अंश का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): पिछले पांच वर्षों अर्थात् वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 के दौरान कर्नाटक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (RWBCIS) के तहत नामांकित किसान आवेदनों की संख्या, बीमित क्षेत्र और किसानों द्वारा भुगतान किए गए प्रीमियम का मौसम-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख): कर्नाटक में खरीफ 2023 से खरीफ 2025 तक PMFBY के अंतर्गत रिपोर्ट किए गए दावों, भुगतान किए गए दावों और लंबित दावों का मौसम-वार और बीमा कंपनी-वार विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ग): बीमा कंपनियों द्वारा अधिकांश दावों का निपटान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के परिचालन दिशानिर्देशों के तहत बीमा कंपनियों द्वारा निर्धारित समय-सीमा अर्थात संबंधित राज्य सरकार से अपेक्षित उपज डेटा प्राप्त होने के 21 दिनों के भीतर कर दिया जाता है। तथापि, PMFBY के कार्यान्वयन के दौरान, कुछ दावे मुख्य रूप से (क) दावों में राज्य सरकार के हिस्से के उपलब्ध कराने में देरी (ख) बैंकों द्वारा बीमा प्रस्तावों का गलत/विलंबित प्रस्तुतीकरण और गैर-सत्यापित बैंक खाते (ग) उपज आंकड़ों में विसंगति और परिणामस्वरूप राज्य सरकार और बीमा कंपनियों के बीच विवाद, नामांकित किसानों के गैर-सत्यापित बैंक खाता विवरण आदि कारणों से लंबित रह गए। इन मुद्दों के कारण लंबित दावों का भुगतान योजना के प्रावधानों के अनुसार उनके समाधान के बाद किया जाता है।

योजना के प्रावधानों के अनुसार, बीमा कंपनियों द्वारा राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (NCIP) पर दावों की गणना और बीमा कंपनियों द्वारा प्रीमियम अनुदान प्राप्त होने के 21 दिनों के भीतर दावों का निपटान करना आवश्यक है। यदि उपरोक्त उल्लिखित समयसीमा के अनुसार भुगतान नहीं किया जाता है, तो खरीफ 2024 सीजन से NCIP के माध्यम से 12% का जुर्माना स्वतः ही गणना करके लगाया जाता है।

(घ): PMFBY और RWBCIS केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं है, अतः, राज्यों को कोई निधि जारी नहीं की जाती है। प्रीमियम अनुदान में केंद्र सरकार का अंश सीधे बीमा कंपनियों को दिया जाता है। पिछले पांच वर्षों के दौरान कर्नाटक में भुगतान किए गए प्रीमियम अनुदान में केंद्र सरकार के हिस्से का वर्षवार विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	**भारत सरकार का अंश (रुपये करोड़ में)**
2021-22	878.16
2022-23	1098.14
2023-24	1173.18
2024-25	722.33
2025-26	779.86
कुल	**4,651.68**

अनुबंध- I

कर्नाटक में PMFBY और RWBCIS के तहत किसानों के आवेदनों, बीमित क्षेत्र और प्रीमियम में किसानों के अंश का मौसम-वार विवरण (दिनांक 24.07.2026 तक)

वर्ष	मौसम	नामांकित किसान आवेदनों (लाख में)	बीमित क्षेत्र (लाख हेक्टेयर में)	प्रीमियम में किसानों का शेयर (रुपये करोड़ में)
2021-22	खरीफ 2021	16.14	13.36	226.05
	रबी 2021-22	3.20	4.05	24.54
2022-23	खरीफ 2022	23.86	18.94	296.41
	रबी 2022-23	3.33	3.95	27.88
2023-24	खरीफ 2023	24.88	17.45	338.05
	रबी 2023-24	5.90	5.44	35.16
2024-25	खरीफ 2024	30.49	20.46	386.62
	रबी 2024-25	4.09	4.47	31.85
2025-26	खरीफ 2025	30.70	21.10	420.18
	रबी 2025-26	8.07	8.61	62.76
कुल		**150.66**	**117.83**	**1,849.51**

अनुबंध- II

PMFBY एवं RWBCIS: वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक (दिनांक 24.07.2026 तक) की वर्षवार एवं मौसम-वार रिपोर्ट				कर्नाटक के दावों	
वर्ष	**सीजन**	**कंपनी**	**रिपोर्ट किए गए दावे**	**भुगतान किए गए दावे**	**लंबित दावे**
			(रुपये करोड़ में)		
2023-24	**खरीफ 2023**	**एआईसी**	1,261.58	1,260.79	0.80
		बजाज जनरल	344.32	344.20	0.12
		जेनराली सेंट्रल	105.08	105.02	0.05
		एचडीएफसी एर्गो	117.19	117.16	0.03
		इफ्फको टोक्यो	87.26	86.93	0.33
		इंडसइंड जनरल	190.25	189.88	0.37
		क्षेमा जनरल	115.40	115.23	0.17
		एसबीआई जनरल	194.46	194.37	0.09
		टाटा एआईजी	379.38	378.94	0.44
		यूनिवर्सल सोम्पो	324.94	324.61	0.34
	बी 2023-24	**एआईसी**	29.24	29.21	0.03
		बजाज जनरल	110.28	110.19	0.08
		जेनराली सेंट्रल	15.72	15.60	0.12
		इंडसइंड जनरल	22.04	22.02	0.02
		क्षेमा जनरल	0.01	0.01	-
		एसबीआई जनरल	58.54	58.48	0.07
		टाटा एआईजी	0.02	0.02	-
		यूनिवर्सल सोम्पो	21.82	21.80	0.02
2024-25	**खरीफ 2024**	**एआईसी**	817.64	815.96	1.68
		एचडीएफसी एर्गो	123.51	123.31	0.20
		इफ्फको टोक्यो	475.35	474.14	1.21
		क्षेमा जनरल	102.82	102.27	0.56
		ओरिएंटल	560.56	559.75	0.81
		टाटा एआईजी	424.14	422.92	1.22
		यूनिवर्सल सोम्पो	76.53	76.44	0.09
	रबी 2024-25	**एआईसी**	112.73	112.52	0.22
		इफ्फको टोक्यो	15.33	15.32	0.01
		क्षेमा जनरल	0.02	0.02	-
		ओरिएंटल	216.79	216.36	0.43
		टाटा एआईजी	34.47	34.41	0.05
		यूनिवर्सल सोम्पो	211.55	211.09	0.46
2025-26	**खरीफ 2025**	**एआईसी**	98.70	97.70	1.00
		एचडीएफसी एर्गो	-	-	-
		इफ्फको टोक्यो	248.20	247.30	0.91
		इंडसइंड जनरल	-	-	-
		ओरिएंटल	397.55	392.54	5.02
		एसबीआई जनरल	-	-	-
		टाटा एआईजी	89.25	88.73	0.51
		युनाइटेड इंडिया	-	-	-
		यूनिवर्सल सोम्पो	372.00	278.11	93.88
कुल			**4,377.14**	**4,268.88**	**108.26**

******